# Class 4 – Hindi (Revision Test – Part 2)

# Quiz Abhyaas ($7^{th}$ – $13^{th}$ August 2021)

**Student Name: ________________; School Code: __________________; Class: ___________**

प्र 1. 'भयंकर' शब्द में प्रयोग हुए स्वर की पहचान कीजिए।

1. आ 2. अं 3. अः 4. इ

प्र 2. सबसे अलग शब्द की पहचान कीजिए।

1. चोंच 2. पंख 3. सूंड 4. पंजे

**बरसात के मौसम में आकाश में रंगीन पट्टी दिखाई देती है। इसे इंद्रधनुष कहते हैं। यह कटोरी के जैसे गोल दिखता है। इसमें सात रंग होते हैं। सबसे नीचे बैंगनी और सबसे ऊपर लाल रंग होता है। बीच में हरा, नीला, पीला, आसमानी और नारंगी रंग होते हैं। ये देखने में बहुत सुंदर लगता है। इंद्रधनुष के रंगों को हम साबुन के बुलबुलों में भी देख सकते हैं।**

प्र 3. इंद्रधनुष क्या है?

1. आसमान में गोल पट्टी 2. गोल रंगीन पट्टी 3. साबुन के सुंदर बुलबुले 4. सात रंगों की गोल सुंदर पट्टी

प्र 4. इंद्रधनुष में कौन सा रंग नहीं होता है?

1. नीला 2. हरा 3. काला 4. लाल

प्र 5. इंद्रधनुष के बारे में कौन सा कथन गलत है?

1. इंद्रधनुष साबुन के बुलबुलों से भी बना सकते हैं। 2. इंद्रधनुष में सात या सात से अधिक रंग हो सकते हैं।
3. इंद्रधनुष आकार में गोल दिखते हैं। 4. इंद्रधनुष देखने में बहुत सुंदर होते हैं।

प्र 6. संयुक्त अक्षर का प्रयोग कर बने शब्द की पहचान कीजिए।

1. तकनीकी 2. समझदार 3. विज्ञान 4. छाया

प्र 7. जैसे नंदन का चंदन, वैसे ही कचौड़ी का _______।

1. लकड़ी 2. पकौड़ी 3. ककड़ी 4. पहाड़ी

**सूचना**



**गुमशुदा जिमी की तलाश**

**मेरा पालतू कुत्ता खो गया है। उसका नाम जिमी है।**

**जिमी का शरीर सफ़ेद है और उसपर भूरे रंग के धब्बे हैं। उसने लाल रंग का पट्टा पहना हुआ है। जिमी छोटा है लेकिन बहुत ही समझदार है। जिमी मेरी आंखों का तारा है।**

**वह कल राजू चाचा की चाय की दूकान के पास देखा गया था। आपको अगर जिमी कहीं भी दिखाई दे तो नीचे दिए गए फ़ोन नंबर पर खबर दें या फिर उसे मेरे घर के पते पर पहुँचा दें।**

**पता: मकान नंबर 20, लाल बाग़, देहरादून**

**टेलीफोन: 967888 0123**

प्र 8. जिमी कैसा कुत्ता है?

1. बड़ा और प्यारा 2. शैतान औऱ डरावना 3. बड़ा और समझदार 4. छोटा और समझदार

प्र 9. 'गुमशुदा' का अर्थ क्या होता है?

1. खतरनाक 2. खोया हुआ 3. प्यारा 4. गुस्सैल

प्र 10. अगर आपने जिमी को देखा तो सूचना के मुताबिक आप ___________।

1. सूचना में दिए नंबर पर फोन करें। 2. अस्पताल में खबर दें।
3. सूचना फाड़ दें। 4. जिमी के स्कूल को फोन करें।

प्र 11. छह कोने वाली आकृति = ____________

1. चतुष्कोण 2. पंचकोण 3. षट्कोण 4. सप्तकोण

प्र 12. यह मूर्ति तो बहुत सुन्दर है_

1. ! 2. । 3. ? 4. ,

**एक पेड़ पर एक बंदर और एक गिलहरी रहते थे। बंदर की पूँछ बहुत लंबी थी। लंबी होने की वजह से पूँछ जमीन तक लटक रही थी। एक दिन बंदर पेड़ पर बैठा था। गिलहरी को उसकी पूँछ लटकती दिखी। वह पूँछ पकड़ कर झूलने लगी। उसे बड़ा मजा आ रहा था। गिलहरी के झूलने से बंदर को गुदगुदी होने लगी। उसने नीचे की ओर देखा और बोला - "गिलहरी! तुम मेरी पूँछ पर क्यों झूल रही हो? मुझे गुदगुदी हो रही है।"**

**गिलहरी ने यह सुनकर ऊपर की ओर देखा। उसे बंदर दिखाई दिया। वह बोली – "महाराज! यह आप हो? मैंने तो पूँछ को झूला समझ लिया और झूला झूल रही थी। मुझे इसमें बड़ा मज़ा आ रहा था।" यह सुनकर बंदर हँसने लगा। इस प्रकार दोनों में गहरी दोस्ती हो गई।**

प्र 13. गिलहरी बंदर की पूँछ पर क्यों झूल रही थी?

1. बंदर की पूँछ लंबी थी।
2. गिलहरी ने बंदर की पूँछ को झूला समझ लिया था।
3. गिलहरी बंदर को गुदगुदी करना चाह रही थी।
4. गिलहरी बंदर से दोस्ती करना चाहती थी।

प्र 14. बंदर क्यों हँसने लगा?

1. बंदर को मजा आ रहा था।
2. बंदर को गुदगुदी हो रही थी।
3. गिलहरी को पूँछ से झूलते देखकर
4. गिलहरी की बात सुनकर

प्र 15. कहानी से हमें क्या सीख मिलती है?

1. बंदर की पूँछ लंबी होती है।
2. बंदर को गुदगुदी कर उससे दोस्ती कर सकते हैं।
3. हमें आपस में हमेशा प्रेम से रहना चाहिए।
4. बंदर और गिलहरी दोस्त होते हैं।

प्र 16. गाँव में उनका एक _______ मकान था।

1. स्वादिष्ट
2. सूखा
3. शांत
4. पुराना

प्र 17. जातिवाचक संज्ञा की पहचान कीजिए।

1. काशी
2. नदी
3. चढ़ाई
4. भीड़

प्र 18. कौन से शब्द चित्र के बारे में बताते हैं?



1. मारना और पीटना
2. खाना और पीना
3. पढ़ना और सीखना
4. दौड़ना और भागना